ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 19

Sub : Hindi Text 2nd Term **Class : IIB** **Date : 05.11.2020**

Topic : हमारा तिरंगा झंडा

1. सारनाथ के स्तंभ के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखें।

उत्तर : सारनाथ का स्तंभ सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया था। इसमें चार सिंह है जो पीठ मिलाकर खड़े हैं। चौथा सिंह पीछे होने के कारण सामने से दिखाई नहीं देता। इनके नीचे बीचों बीच एक चक्र बनाया गया है। यह चक्र हमारे झंडे में सफेद पट्टी के बीचों बीच है। इसके दाहिनी ओर वृषभ और बाई ओर घोड़ा है। इसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा है जिसका अर्थ सत्य की जीत होती है।

2. पंद्रह अगस्त को लाल किले पर झंडा कौन फहराता है तथा इस दिन क्या होता है?

उत्तर : पंद्रह अगस्त को लाल किले पर झंडा हमारे देश के प्रधानमंत्री फहराते है। पूरे देश में उत्सव मनाया जाता है। हर प्रदेश की राजधानी में मुख्यमंत्रीयों द्वारा झण्डा फहराया जाता है। इस दिन सभी जगह छुट्टी रहती हैं।

3. छब्बीस जनवरी को परेड की सलामी कौन लेता है। इस दिन क्या होता है?

उत्तर : छब्बीस जनवरी को परेड की सलामी हमारे देश के राष्ट्रपति लेते है। इस दिन सरकारी दफ्तर एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण होता है। राष्ट्र गान जन गन मन का गायन होता है। भारत की राजधानी दिल्ली में गणतन्त्र दिवस पर विशेष आयोजन होते है। इस दिन दिल्ली के विजय चौक से लाल किले तक होने वाली परेड आकर्षण का प्रमुख केन्द्र होती है।

Sangeeta Khosla